Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan

# अध्याय - 7 | स्वयं प्रकाश

## QUIZ-01

1. **हालदार साहब कस्बे से क्यों गुजरते थे?**
   A. कंपनी के काम के सिलसिले में
   B. मूर्ति देखने के लिए
   C. बाजार जाने के लिए
   D. पानवाले से मिलने के लिए (A)

*व्याख्या :* हालदार साहब हर पंद्रह दिन में कंपनी के काम से कस्बे से गुजरते थे।

2. **नेताजी की मूर्ति कहाँ और क्यों लगाई गई थी?**
   A. गाँव के मंदिर में
   B. कस्बे के मुख्य बाजार और चौराहे पर, ताकि सभी की नजर पड़े
   C. पंचायत भवन में
   D. कस्बे के स्कूल में (B)

*व्याख्या :* मूर्ति कस्बे के मुख्य बाजार के चौराहे पर लगाई गई थी, ताकि आने-जाने वाले लोग देख सकें।

3. **कस्बे में मूर्ति किसने लगवाई थी?**
   A. पानवाले ने
   B. नगरपालिका के उत्साही बोर्ड ने
   C. चश्मे वाले ने
   D. हालदार साहब ने (B)

*व्याख्या :* यह मूर्ति नगरपालिका के उत्साही बोर्ड ने लगवाई थी।

4. **हालदार साहब किसके बारे में सोचते रहे?**
   A. नेताजी के बारे में B. मूर्ति के बारे में
   C. चौराहे के बारे में D. कस्बे के बारे में (B)

*व्याख्या :* हालदार साहब लगातार नेताजी की मूर्ति और उसके चश्मे के बारे में सोचते रहे।

5. **'वरना तो देशभक्ति भी आजकल मजाक की चीज होती जा रही है' से आशय क्या है?**
   A. आजकल देशभक्ति असंभव है
   B. आजकल देशभक्ति हास्यास्पद समझी जाने लगी है
   C. आजकल सभी देशभक्त हो गए हैं
   D. देशभक्ति की कोई प्रासंगिकता नहीं रही (B)

*व्याख्या :* लेखक का आशय है कि आजकल देशभक्ति को लोग मजाक की दृष्टि से देखने लगे हैं।

6. **दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुजरे तो उन्हें मूर्ति में क्या अंतर दिखाई दिया?**
   A. मूर्ति पर कोई चश्मा नहीं था
   B. मूर्ति पर पुराना चश्मा था
   C. मूर्ति पर एक नया चश्मा था D. मूर्ति क्षतिग्रस्त थी (C)

*व्याख्या :* दूसरी बार देखने पर मूर्ति पर नया तार के फ्रेम वाला गोल चश्मा था।

7. **नेताजी की मूर्ति को देखकर कौन से नारे याद आते थे?**
   A. 'दिल्ली चलो' B. 'तुम मुझे खून दो...'
   C. उपयुक्त दोनों नारे D. इनमें से कोई नहीं (C)

*व्याख्या :* मूर्ति को देखते ही 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो... ' जैसे नारे याद आते थे।

8. **मूर्ति बनाने का काम किसे सौंपा गया था?**
   A. कस्बे के सरपंच को
   B. ड्राइंग मास्टर मोतीलाल जी को
   C. हालदार साहब को
   D. चश्मा बनाने वाले को (B)

*व्याख्या :* कस्बे के हाई स्कूल के ड्राइंग मास्टर मोतीलाल जी को मूर्ति बनाने का काम सौंपा गया था।

9. **मूर्ति की सबसे बड़ी कमी क्या थी?**
   A. उसका रंग फीका था
   B. उसमें नेताजी का चश्मा संगमरमर का नहीं था
   C. मूर्ति बहुत छोटी थी
   D. उसमें नेताजी की वर्दी नहीं थी (B)

*व्याख्या :* मूर्ति की कमी यह थी कि नेताजी का चश्मा संगमरमर का न होकर असली चश्मा था।

10. **हालदार साहब की कौन-सी आदत बन गई थी?**
   A. हर बार कस्बे में ठहरना
   B. हर बार मूर्ति का चश्मा ध्यान से देखना
   C. हर बार नई मूर्ति बनवाना
   D. पान खाना और मूर्ति की आलोचना करना (B)

*व्याख्या :* हर बार कस्बे से गुजरते समय हालदार साहब मूर्ति के चश्मे को ध्यान से देखने लगे थे।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App